संपादकीय

जीवन की आस में मौत

महाराष्ट्र के नासिक स्थित एक अस्पताल में ऑक्सीजन टैंकर से ऑक्सीजन रिसाव होने से हुए हादसे में 24 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत विचलित करने वाली है। जीवन बचाने की उम्मीद में अस्पताल में भर्ती मरीजों को लापरवाही के चलते मौत बांटना शर्मनाक ही कहा जायेगा। जांच व मुआवजे की रस्म अदायगी के इतर सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने गंभीर रोगियों की देखरेख में ऐसी लापरवाही क्यों हुई। हादसा चाहे तकनीकी कारणों से हो या मानवीय चूक से, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। आखिर ऑक्सीजन टैंकर के रिसाव को नियंत्रित करने के लिये जिम्मेदार कर्मचारी व अधिकारी वहां मौजूद क्यों नहीं थे। जाहिर है यह डॉक्टरों का काम नहीं है, वैसे भी इस समय अस्पतालों पर महामारी के चलते भारी दबाव है। आखिर रिसाव नियंत्रित करने के क्रम में ऑक्सीजन की आपूर्ति दो घंटे तक क्यों बंद की गई, यह जानते हुए कि साठ से अधिक मरीज आक्सीजन पर जीवन के लिये संघर्ष कर रहे थे, जिसमें 24 लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा और कई अन्य मरीज अभी भी गंभीर स्थिति में पहुंच गये हैं। यह पहली घटना नहीं है, पिछले एक साल के भीतर महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों में कोविड अस्पतालों में आग लगने व अन्य हादसों में कई रोगियों की जान गई है। कई अस्पतालों में ऑक्सीजन आपूर्ति न मिलने के कारण मरीजों के मरने के आरोप लगे हैं। आखिर इन मरीजों की मौत की जवाबदेही तय क्यों नहीं की जाती? क्यों ऐसे संवेदनशील मरीजों के उपचार वाले अस्पतालों में सुरक्षा के उच्च मानकों का पालन नहीं किया जाता। क्यों हम दुर्घटनाओं से रहित चिकित्सा व्यवस्था नहीं दे पाते। ये दुर्घटनाएं मानवीय चूक की ही ओर इशारा करती हैं। वैसे देश के डॉक्टर व चिकित्साकर्मी अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों को बचाने में लगे हैं, लेकिन प्रबंधतंत्र को ऐसे हादसों को टालने के गंभीर प्रयास करने चाहिए।

निस्संदेह देश इस समय एक भयंकर दौर से गुजर रहा है। अस्पतालों में बेड, दवाओं और आक्सीजन की भारी कमी है। यह आपदा न केवल आम लोगों बल्कि हमारे चिकित्सातंत्र की भी बड़ी परीक्षा है। हमारे सत्ताधीश इस महामारी की दूसरी लहर का समय रहते आकलन नहीं कर पाये। कोरोना संकट के पहले दौर में गिरावट के समय को इन संसाधनों को समृद्ध बनाने में नहीं कर पाये, जिस कारण ऐसी शर्मनाक स्थिति बन गई है कि दुनिया के देश भारत यात्रा पर आने के लिये अपने नागरिकों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। तमाम देशों को वैक्सीन आपूर्ति करके हमने जो साख बनायी थी उस पर बट्टा लग रहा है। एक नागरिक के तौर पर कोरोना से बचाव के उपायों का पालन करने में तो हम असफल हुए हैं, मगर यह तंत्र की भी बड़ी विफलता है। जिस संवेदनशीलता के साथ इस दिशा में बचाव की रणनीति बनायी जानी चाहिए थी उसमें हम चूके हैं। आज कई देश वैक्सीनेशन कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से चलाकर कोरोना को हरा चुके हैं और उनके नागरिक खुली हवा में सांस लेने लगे हैं। इस्राइल, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया व ताइवान जैसे देश कामयाबी की इबारत लिख रहे हैं। हम जीती हुई लड़ाई हारते नजर आ रहे हैं। निस्संदेह हम विकासशील देश हैं, हमारे साधन सीमित हैं और हम दुनिया की बड़ी आबादी वाला देश हैं। जनसंख्या का घनत्व अधिक होना भी हमारी चुनौती है। लेकिन उसके बावजूद हम सुनियोजित तरीके से इस युद्ध को नियंत्रित कर सकते थे। केंद्र व राज्य इस दिशा में युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं लेकिन अभी भी बेहतर तालमेल से स्थितियों को काबू करने की जरूरत है। यही वजह है कि इसे राष्ट्रीय आपातकाल जैसी स्थिति बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार से ऑक्सीजन व दवा की कमी पर जवाब मांगा है। साथ ही पूछा है कि इस संकट से निपटने के लिये उसकी राष्ट्रीय स्तर पर क्या योजना है। दरअसल, देश के छह हाईकोर्टों में कोरोना संकट से जुड़े मामलों की सुनवाई चल रही है, जिससे भ्रम की स्थिति बन रही है।

सेंसेक्स की टॉप-10 में से 9 कंपनियों के निवेशकों को बड़ा झटका, मार्केट कैप में 1.33 लाख करोड़ रुपए का घाटा

नईदिल्ली । सेंसेक्स की टॉप-10 में से 9 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,33,433.64 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर को सबसे अधिक नुकसान हुआ और उसका मार्केट कैपिटल 34,914.58 करोड़ रुपये घटकर 5,42,292 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 30,887.07 करोड़ रुपए घटकर 11,50,331 करोड़ रुपये रह गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 953.58 अंक या 1.95 नीचे आया। अन्य कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 18,764.75 करोड़ रुपए घटकर 12,07,283.32 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी की 13,755.09 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,50,499.54 करोड़ रुपए रह गई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 10,270.09 करोड़ रुपए घटकर 2,86,601.44 करोड़ रुपए रह गया। केवल आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप बढ़ा। इसका बाजार पूंजीकरण 2,412.18 करोड़ रुपए बढ़कर 3,94,315.01 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं इन्फोसिस की बाजार हैसियत 7,967.43 करोड़ रुपए घटकर 5,68,308.25 रुपए पर और एचडीएफसी बैंक की 7,800.58 करोड़ रुपए के नुकसान से 7,79,671.98 करोड़ रुपए रह गई। कोटक महिंद्रा बैंक का मूल्यांकन 5,995.06 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 3,43,907.94 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का 3,078.99 घटकर 3,00,268.56 करोड़ रुपए रह गया।

मई माह में 9 दिन बैंक रहेंगे बंद

नईदिल्ली । नए वित्त वर्ष 2021-22 के दूसरे महीने या मई में प्राइवेट और सरकारी बैंक कुल 9 दिनों के लिए बंद रहेंगे. 5 दिन विभिन्न बैंक हॉलिडे की वजह से बंद रहेंगे. छुट्टियों के अलावा, बैंक हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहते हैं. इसलिए, अगर हम शनिवार और रविवार को जोड़ें तो मई 2021 में बैंक कुल 9 दिनों के लिए बंद रहेंगे. भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट के अनुसार, मई 2021 में बैंक की छुट्टियों में विभिन्न त्योहार शामिल हैं जैसे महाराष्ट्र दिवस, रमजान, बुद्ध पूर्णिमा आदि.

बता दें कि देश में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के चलते बैंकों में कामकाज का तरीका बदल गया है. कोरोना जोन में स्थित बैंकों के कर्मचारियों को संक्रमण से बचाने के लिए सुविधाओं को सीमित कर दिया गया है. इसके साथ ही कई राज्यों में बैंकों के कामकाज के घंटे को घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है. उत्तर प्रदेश में आज से 15 मई तक 10 बजे से 2 बजे तक बैंक खुलेंगे. शाम 4 बजे बैंक बंद हो जाएंगे.

रविवार के अलावा, दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक बंद रहते हैं. 2, 9, 16, 23 और 30 मई को रविवार है जबकि 8 मई और 22 मई को दूसरा और चौथा शनिवार के चलते बैंक क्लोज रहेंगे.

सरकार ने महामारी के मद्देनजर कुछ निश्चित मामलों में डायरेक्ट टैक्स संबंधी समय सीमा बढ़ाई

नईदिल्ली । करदाताओं, कर सलाहकारों और अन्य हितधारकों द्वारा कोविड-19 महामारी के कारण किए जा रहे अनुरोधों के मद्देनजर, सरकार ने करदाताओं को अनुपालन की विभिन्न सीमाएं बढ़ाकर राहत देने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने कराधान और अन्य कानून (छूट) और विभिन्न प्रावधानों में संशोधन अध्यादेश, 2020 के अंतर्गत जारी की गई विभिन्न अधिसूचनाओं के माध्यम से पूर्व में 30 अप्रैल, 2021 तक बढ़ाई गई समय सीमा को अब 30 जून, 2021 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

इसी प्रकार, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अधिनियम की धारा 144 सी की उपधारा (13) के तहत डीआरपी के निर्देश के परिणामस्वरूप एक आदेश पारित करने की समय सीमा को भी तीन महीने के लिए 30 जून, 2021 तक बढ़ा दिया गया है।

इसके अलावा 30 जून, 2021 तक बढ़ाई गई समय सीमा में अन्य कई मामले में भी शामिल हैं, जिनमें मूल्यांकन को फिर से जारी करने के लिए अधिनियम की धारा 148 के तहत नोटिस जारी करने की समय सीमा, जहां आय का मूल्यांकन नहीं किया गया है, वित्त अधिनियम 2016 की धारा 168 की उपधारा (1) के तहत समकारी लेवी की प्रक्रिया की सूचना भेजने की समय सीमा।

यह भी तय किया गया है कि प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास अधिनियम, 2020 के तहत देय राशि के भुगतान की समय-सीमा को भी, बिना अतिरिक्त राशि के, 30 जून, 2021 तक बढ़ा दिया जाएगा।

वित्त मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि उपरोक्त तिथियों का विस्तार करने के लिए अधिसूचनाएं उचित समय पर जारी की जाएंगी।

ऑलटाइम हाई के नजदीक पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

नईदिल्ली । भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बीते 16 अप्रैल 2021 को खत्म सप्ताह में 1.193 अरब डालर बढ़कर 582.406 अरब डालर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से जारी रिकॉर्ड में यह जानकारी सामने आई है। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.344 अरब डालर बढ़कर 581.213 अरब के स्तर पर पहुंच गया था। वहीं भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 जनवरी 2021 को 590.185 अरब डालर की सर्वकालिक ऊंचाई पर था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 16 अप्रैल 2021 को खत्म सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में होने वाली वृद्धि मुख्य तौर पर विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) बढ़ने से हुई है। यह विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा होता है। आरबीआई के साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां सप्ताह के दौरान 1.13 अरब डालर बढ़कर 540.585 अरब डालर के स्तर पर आ गई हैं। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां डालर में बताई जाती हैं, हालांकि इसमें डालर के अलावा यूरो, पाउंड और येन में होने वाली घटबढ़ भी शामिल होती है।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में सोने का आरक्षित भंडार इस दौरान 3.40 करोड़ डालर बढ़कर 35.354 अरब डालर के स्तर पर आ गया। इसी प्रकार आईएमएफ (आईएमएफ) में विशेष निकासी अधिकार (एसडीआर) 60 करोड़ डालर बढ़कर 1.498 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

जैकलीन फर्नांडीज ने बच्चन पांडे के लिए टाइटरोप वाकिंग में ली ट्रेनिंग!

जैकलीन फर्नांडीज जिन्होंने हाल ही में साजिद नाडियाडवाला की बच्चन पांडे के लिए जैसलमेर में शूटिंग पूरी कर ली है, उन्होंने फिल्म के लिए एक बहुत ही असामान्य आर्ट में ट्रेनिंग हासिल की है। जैकी ने टाइटरोप वाकिंग आर्ट सीखा है जिसे फुनंबुलिज्म भी कहा जाता है। यह एक पतली तार या रस्सी पर चलने की एक कला है जिसकी विभिन्न देशों में एक लंबी परंपरा है और इसे आमतौर पर स्थानीय लोगों द्वारा किया जाता है।

जैकलिन लगभग 3 सप्ताह के लिए जैसलमेर में थी और उन्होंने लगभग एक सप्ताह के भीतर ही यह कला सीख ली थी। फ़िल्म के करीबी एक सूत्र ने बताया,यह सीखने के लिए एक कठिन कला है जहाँ रस्सी पर चलने के लिए शरीर का सही संतुलन होना जरूरी है जो जमीन से लगभग 8-10 फीट की ऊंचाई पर बंधा होता है। जैकलीन ने कला को आसानी से सीख लिया, कला को सीखने के उनके उत्साह ने उनके इस सफ़र को आसान बना दिया।

सूत्र ने कहा बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर पहले पोल डांसिंग और एरियल योगा में भी खुद को प्रशिक्षित किया है, जिससे हमें लगता है कि उन्हें कला का संतुलन बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कुछ अद्भुत शॉट दिए हैं और कला को इतने परफेक्शन से सीखते हुए हम सभी को स्तब्ध कर दिया है।

यह 8वीं बार होगा जब जैकलीन और नाडियाडवाला एक साथ काम करेंगे और सिर्फ बच्चन पांडे ही नहीं, यह जोड़ी आगे किक 2 में भी एक साथ काम करेगी।नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित बच्चन पांडे 26 जनवरी 2022 में रिलीज़ की जाएगी।

आज का राशिफल

मेषः मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा।

वृषभ : दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

मिथुन : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

कर्क : पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

सिंह : परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे।

कन्या : कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे।

तुला : किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी।

वृश्चिक : चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

धनु : जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा।

मकर : भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

कुंभ : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

मीन : दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी।

जब सेट पर रकुल ने चलाया ट्रक, लोग हो गये थे हैरान

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने आगामी फिल्म सरदार का ग्रैंडसन के सेट पर एक ट्रक चलाया। रकुल ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से ड्राइविंग करना बहुत पसंद करती हूं और पूरी प्रक्रिया बहुत मजेदार थी जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। ट्रक चलाना आसान नहीं है, लेकिन मैं इसे आत्मविश्वास से कर रही थी। उसने कहा, हमारे पास एक ट्रक ड्राइवर था जो हमें ट्रैंड करने के लिए सेट था कि बड़े ट्रक को कैसे चलाया जाए, जिससे मुझे इसे चलाने में मदद मिली। सेट पर, लोग मेरे ड्राइविंग कौशल से आश्चर्यचकित थे! यह मेरे लिए जीवन भर के अनुभवों में से एक था। अमृत सिंह (अर्जुन कपूर द्वारा अभिनीत) और उनकी दादी रूपिंदर कौर (नीना गुप्ता) के बीच के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती एक कॉमेडी फिल्म है, जिसके आलौकिक व्यवहार ने सभी को पागल कर दिया। राकुल शांत और समझदार लड़की राधा का किरदार निभाती है। सरदार का ग्रैंडसन काश्वी नायर द्वारा निर्देशित है और इसमें जॉन अब्राहम, अदिति राव हैदरी, कंवलजीत सिंह और कुमुद मिश्रा भी हैं। यह फिल्म 18 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

मिथुन बहुत ही विनम्र और वे मेरे हैंडः मदालसा शर्मा

टीवी के मोस्ट पॉपुलर शो अनुपमा में काव्या का रोल प्ले कर घर -घर में अपनी पहचान बनाने वाली मिथुन चक्रवर्ती कि बहु मदालसा शर्मा कि कुछ ऐसी फोटोज सोशल मिडिया पर वायरल हो रही है जिनमे उन्हें पहचान पाना भी मुश्किल हो रहा है।

मदालसा सीरियल अनुपमामें काव्या झावेरी का किरदार निभा रही है जो वनराज कि कुलीग होने के साथ ही उनकी लव इंटरेस्ट भी है। ये करेक्टर काफी मजेदार है और कई शेड्स है काव्या स्ट्रांग है इंडिपेंडेंट है और अपने पैरो पर खुद कड़ी हुई है इस कारण उनका

किरदार दर्शको को बहुत पसंद आ रहा है।

मदालसा को बचपन से एक्टिंग का माहौल मिला है यही वजह है कि एक्टिंग के अलावा उन्होंने किसी और फीड के बारे में नहीं सोचा बहुत कम लोग जानते है कि मदालसा एक्ट्रेस शीला शर्मा और निर्माता -निर्देशक सुभाष शर्मा कि बेटी है।

ब्रेड पकौड़ा, ब्रेड रोल से अलग हटकर बनाएं इस बार टेस्टी ब्रेड उत्तपम

ज्यादातर घरों में ब्रेकफास्ट में ब्रेड का इस्तेमाल किया जाता है, ऐसे में अक्सर उसकी कुछ स्लाइसेज़ बच जाती हैं और नया पैकेट आने के बाद घर में लोग उसे नहीं खाते। तो ऐसे में बची हुई ब्रेड में बनाएंगे एक हेल्दी नाश्ता।

सामग्री :

6 ब्रेड की स्लाइसेज़, 1/4 कप सूजी, 2 टेबलस्पून चावल का आटा, 1/4 कप दही (अच्छी तरह फेंटा हुआ), जरूरत भर पानी, नमक स्वादानुसार

टॉपिंग्स के लिए सामग्री- 1 बारीक कटा प्याज, 1 बारीक कटा टमाटर, 3 टेबलस्पून बारीक कटा धनिया, बारीक कटा करी पत्ता, 2 बारीक कटी हरी मिर्च, नमक व काली मिर्च पाउडर, सेंकने के लिए तेल

विधि :

एक बोल में ब्रेड की स्लाइसेज़ को तोड़कर डालें। इसमें सूजी, चावल का आटा, दही, पानी और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इस मिक्सचरि को ब्लेंडर में डालकर ब्लेंड कर लें, जिससे मिश्रण अच्छी तरह मिक्स हो जाए। इसे करीब 20 मिनट के लिए ढककर रखें।

नॉनस्टिक पैन में तेल लगाएं। मिश्रण को फैलाएं। अब एक-एक कर टॉपिंग्स की सामग्री फैलाएं। ऊपर से नमक और काली मिर्च पाउडर डालें। प्लेट में ब्रेड उत्तपम निकालें। मनपसंद चटनी के साथ गर्मागर्म परोंसे।

शब्द सामर्थ्य- 60

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 59 का हल

दि	क्क	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

सू-दोकू- 60

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.59 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1